
क्रांतिदूत झाँसी फाइल्स

(समीक्षा)



जब #क्रांतिदूत आयी, मैं स्वयं दुविदद्ध थी की नया क्या पढूंगी,पर कहने अतिशयोक्ति नहीं है बस नया ही पढ़ा,जो पढ़ा और वह आनन्द विभोर कर गया। सरल शब्द और बेलाग शैली। कुछ विषयो को बस ईमानदारी से रख देना कई उत्कृष्टम लेखन के श्रृंगार से श्रेष्ठ होता है, यह पुस्तक उसका सजीव उदहारण है।

जो कंगूरे स्वर्णिम होते है,उन्हे थामने वाली नींव विविध ऋतुओं में अपनी मौन दृढ़ता बनाए रखती है, क्योंकि वो सभ्यता के चिन्ह के रूप में कंगूरे के महत्व को समझती है और अपनी शक्ति भी।


#क्रांतिदूत इसी पारस्परिकता की कथा है..पर इतने अवयव होने की उपरांत भी

अलग से साधुवाद..

"दंबूक"

यह पुस्तक स्वतन्त्रता के लिए उद्मी धमनियों के तंत्र की कथा है जिससे हमे अनभिज्ञ रखा गया है जिनके बारे में पढ़ते हुए गला तो रुंधता पर मस्तक गर्व से प्रखर हो उठता है की हम मनीषियों की संतान है।

कई बार मन विह्वल हो जाता है क्योंकि अंत तो हमे पता है,पर मास्टर रुद्रनारायण जी के बारे में पढ़ कर "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" प्रासंगिक हो जाता है, वही दो वाक्यखंडो में जैसे भगत सिंह का वर्णन हुआ वो शायद कई लेख भी मिलकर भी न पाए।



खैर मास्टर होते ही अद्भुत और जीवनशक्ति से परिपूर्ण है,और यह तो मैंने जीवन भर प्रत्यक्ष जाना है।

बच्चे अगर यह पुस्तक पा गए तो छोड़ नही पाएंगे। कुल मिलाकर संग्रहणीय और बेजोड़ श्रृंखला है।

सर्व भाषा ट्रस्ट द्वारा मुद्रित INDICA के सहयोग से छपवाई गई ११७ पृष्ठ की यह पुस्तक ₹१५० में पेपर बैक संस्करण में उपलब्ध है।

समीक्षक - श्रद्धा सुमन राय

ट्विटर - @shradhasumanrai

Twitter – SHRIMAAN
FACEBOOK - Manish Shrivastava
#Jhansi_Files
#झाँसी_फाइल्स
#Krantidoot
#KrantidootSeriesByDrManishShrivastava
#Krantidoot_Fan_Club
#KFC
Links To buy:
1. https://play.google.com/.../Krantidoot_Jhansi_Files...

2. https://www.amazon.in/Krantid.../dp/9393605149/ref=sr_1_1...
3. http://padhegaindia.in/

